# 10वीं-12वीं का रिजल्ट आज

## 5 सालों में सबसे जल्दी जारी हो रहा रिजल्ट

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 14 अप्रैल. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम पिछले 5 सालों में सबसे पहले 15 अप्रैल को जारी हो रहा है, जिसका औपचारिक ऐलान डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास के समत्व सभागार में सुबह 11 बजे किया जाएगा.**

बता दें पिछले 5 वर्षों के मुकाबले यह पहली बार होगा, जब अप्रैल के दूसरे सप्ताह में रिजल्ट घोषित किया जा रहा है. इस लिहाज से साल 2026 सबसे जल्दी परीक्षा परिणाम घोषित होने वाला वर्ष बन गया है. पिछले पांच सालों की बात करें तो इस बार बोर्ड अप्रैल के दूसरे हफ्ते में रिजल्ट घोषित हो रहा है. जबकि साल 2025 में 6 मई, साल 2024 में 24 अप्रैल, साल 2023 में 25 मई, साल 2022 में 29 अप्रैल और साल 2021 में 14 जुलाई को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे. माशिमं के अनुसार हर साल से पहले इस बार परीक्षा परिणाम घोषित होने से जो विद्यार्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं है या असफल हैं वो सप्लीमेंट्री परीक्षा देकर अपने अंकों में समय रहते सुधार कर सकेंगे. साथ ही सप्लीमेंट्री परीक्षा भी जल्दी करवाकर इसके परिणाम जल्द से जल्द घोषित किए जा सकेंगे. जिससे छात्रों को आगे की कक्षाओं और कॉलेज में दाखिल लेने में किसी तरह की शैक्षणिक परिमाण संबंधित असुविधा न हो. परीक्षा हर साल की तरह ही फरवरी से मार्च के महीने में संपन्न कराई गई है. लेकिन कॉपियों की मूल्यांकन प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया. साथ ही कॉपियों की जांच में तकनीकी और प्रशासनिक समन्वय भी बेहतर रहा. जिससे परीक्षा परिणाम पहले घोषित हो रहे हैं.




**कहां देखें रिजल्ट**

माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं के छात्र अपना रिजल्ट ऑनलाइन ऑफिशियल वेबसाइट mpbse.nic.in, mpresults.nic.in और MPBSE Mobile के माध्यम से देख सकते हैं.

## आरोपियों को भेजा पुलिस रिमांड पर

**भोपाल, 14 अप्रैल.** श्यामला हिल्स थाना इलाके में लूट की वारदात करने वाले दो आरोपियों से पुलिस की पूछताछ जारी है. महिला आरोपी के साथ उसके एक पुरुष साथी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है. पुलिस वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपियों और लूट का सामान बरामद करने का प्रयास कररही है.

विवेचना अधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि आरोपियों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है. वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है. पुलिस की गिरफ्त में आई महिला आरोपी की पहचान रेतघाट निवासी आलिया खान और उसके एक साथी युवक अरसलान के रूप में की गई है.

# नए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संभाला कार्यभार

## योजनाओं के पूरी तरह से क्रियान्वयन की रहेगी प्राथमिकता

- बाबा साहब की जयंती पर संभाली कमान
- कई चुनौतियों का करना होगा सामना




**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 14 अप्रैल. राजधानी में मंगलवार को नए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया है. ऐसा पहली बार है किसी कलेक्टर ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के दिन जिले की कमान संभाली हो. पदभार संभालने के बाद कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा. शासन के जो दिशा-निर्देश मिलेंगे, उनका समय पर पालन कराया जाएगा.**

बता दें कि नए कलेक्टर मिश्रा के सामने कई चुनौतियां होंगी. सबसे बड़ी चुनौती बड़ी झील के कैचमेंट एरिया में रसूखदारों के अतिक्रमण हटवाना, क्योंकि अब तक प्रशासन की कार्रवाई में रसूखदारों के बंगलों, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस पर बुलडोजर नहीं चला है. इसके अलावा जिले में जनगणना कराना, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का निराकरण सहित केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन कराना. राजधानी में राजनैतिक दवाब अधिक रहता है. ऐसे में कलेक्टर मिश्रा को आगामी दिनों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा. बता दें कि प्रियंक मिश्रा इससे पहले धार के कलेक्टर रहे.

## मुंबई जाने वाली फ्लाइट में कारतूस का खोखा मिला

**भोपाल.** राजा भोज हवाई अड्डे पर मंगलवार को विदेशी यात्री के ट्रॉली बैग में उपयोग किया हुआ एक कारतूस का खोखा मिला है, जो एयर इंडिया की मुंबई जाने वाली फ्लाइट ए1-634 में दोपहर लगभग 12 बजे चेक-इन ट्रॉली बैग में पाया गया. जिसकी साइज 7.62 व 39 मिमी थी. यात्री से पूछताछ में बताया कि वह वन्यजीव फोटोग्राफर है, उसे इस कारतूस के बारे में कोई जानकारी नहीं है. साथ ही कारतूस से संबंधित कोई दस्तावेज भी नहीं मिले. बीसीएएस के नियमों के अनुसार उक्त विदेशी यात्री और बरामद कारतूस के खोखे को आगे की जांच और कार्रवाई के लिए गांधीनगर पुलिस थाना को सौंप दिया गया.



**जाम की समस्या से परेशान 'आम'**

**भोपाल.** राजधानी की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है. पीक टाइम में सुबह 10 से 12 और शाम को 4 से 7 सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई भी प्लान नहीं बना रही है.

# दो महिलाओं से लूट के आरोपियों की तलाश जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अप्रैल. गोविंदपुरा थाना पुलिस स्कूटी सवार दो महिलाओं के साथ लूट की वारदात करने वाले बदमाशों की तलाश में जुटी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी संभव है. एडीसीपी गौतम सोलंकी ने बताया कि मामले में विवेचना जारी है, जल्द ही इस वारदात का खुलासा हो सकता है.**



जानकारी के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले बुधवार को देर रात घायल महिला कीर्ति शर्मा अपनी एक सहेली के साथ स्कूटी पर बैठ घर जा रही थी. इस दौरान उनके पास कैश से भरा एक बैग भी था, जिसे स्कूटी के हैंगर में टांगा गया था. जेके रोड पर पानी की टंकी के पास महिलाओं के पहुंचने पर पहले से घात लगाए चलती बाइक सवार दो लुटेरे महिलाओं तक पहुंचे और बैग को निकालने लगे. इस दौरान स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और कीर्ति के साथ उनकी सहेली सड़क पर गिर गई. गंभीर रूप से घायल महिलाओं को राहगीरों की मदद से अस्पताल तक पहुंचाया गया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की. फरार बदमाशों की गिरफ्तार फिलहाल नहीं की जा सकी है. घटना स्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है. बताया जा रहा है कि देर रात को दोनों महिलाएं पिपलानी से रात के समय अपने घर जब लौट रही थीं, तभी उनके साथ यह हादसा हो गया. कीर्ति की सहेली आशा कार्यकर्ता है. घायल महिलओं का अस्पताल में इलाज जारी है.

**चाकू से हमला करने वाले बदमाश की तलाश**

गोविंदपुरा थाना पुलिस एक चालक पर चाकू से हमला करने वाले बदमाश की तलाश कर रही है. घायल फरियादी की शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई जारी है. थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि फरियादी जफर उद्दीन, जब मस्जिद से नमाज पढ़कर निकला था. जफर जब अपने ऑटो की तरफ जा रहा था. तभी हेलमेट पहने हुए बदमाश उसके पास पहुंचे और अचानक से जफर की आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर हमला किया था.

# चोर को गिरफ्तार कर सामान किया जब्त

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अप्रैल. कजलीखेड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार को शातिर चोर और जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है.**



कजलीखेड़ा थाना पुलिस के अनुसार फरियादी शोमित गौर (33) निवासी प्रियंका नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस को बताया था कि रविवार को वह निजी काम से विदिशा गया था. सोमवार को जब देर शाम को घर पहुंचा तो मकान का ताला टूटा मिला. घर में रखा कीमती सामान एक लैपटॉप, दो स्पीकर, मोबाइल चार्जर सहित सामान चोरी हो गए थे, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 40 हजार रुपये है. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की. पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति ग्राम थुआखेड़ा स्थित शासकीय स्कूल के पास चोरी के लैपटॉप को सस्ते दामों पर बेचने का प्रयास कर रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ा और पूछताछ की. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आनंद सिंह जेबार ग्राम दोलरिया नर्मदापुरम का बताया. पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया और उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया. आरोपी ने बताया कि नर्मदापुरम कोतवाली थाना दोलरिया सहित अन्य थानों में उस पर मारपीट, अड़ीबाजी सहित अन्य कुल 24 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. गिरफ्तार आरोपी आनंद सिंह थाना देहात नर्मदापुरम क्षेत्र से जिलाबदर किया जा चुका है.

# जेल से आए युवक पर हमला

## चुनाभट्टी थाना क्षेत्र का मामला

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अप्रैल. चुनाभट्टी थाना क्षेत्र में जेल से बाहर आए एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया. आरोप है कि बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक पर हमला किया. घायल को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है. हमला करने वाले फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस जुटी है.**

जानकारी के मुताबिक घायल युवक सोनू मैना (32) निवासी मनीषा मार्केट बाबा नगर तीन दिन पहले एक मामले में सजा काट कर जेल से बाहर आया था. सोमवार को देर सोनू अपने घर के बाहर बाइक पर बैठ कर मोबाइल चला रहा था. इस दौरान दो बाइक पर सवार होकर दीपक और विनोद नाम के आरोपियों ने सोनू पर चाकू से हमला कर दिया. वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए. सोनू के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज, दोनों फरार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी. घायल का अस्पताल में इलाज जारी है.

# 21 वर्षीय छात्रा से किया दुष्कर्म

- शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अप्रैल. एमपी नगर थाने में एक 21 वर्षीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्रा ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है. आरोपी एक केमिकल इंजीनियर है. पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.**




जानकारी के मुताबिक आरोपी संजीव परिहार बैतूल जिले का रहने वाला है. पीड़िता भी उसी जिले की है और दोनों की पहचान सोशल मीडिया पर हुई थी. करीब एक साल से दोनों संपर्क में थे.

पीड़िता का आरोप है कि दोनों भोपाल में कई महीने से साथ में रह रहे थे. इस दौरान आरोपी संजीव ने पीड़िता से शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि संजीव एक पेशेवर केमिकल इंजीनियर है, जबकि पीड़िता प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है. पढ़ाई के सिलसिले में वह भोपाल आई थी. आरोपी ने बीते जुलाई के महीने में उसे एमपी नगर स्थित एक होटल में बुलाया था, जहां आरोपी ने दुष्कर्म किया. पीड़िता ने जब आरोपी पर शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया. परेशान होकर छात्रा ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर दी. आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है.

# बदमाशों ने किया हवाई फायर

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अप्रैल. जहांगीराबाद इलाके एक शराब की दुकान सामने कट्टे से हवाई फायरिंग का मामला सामने आया. आरोप है कि दो बदमाशों ने मामूली विवाद करते हुए फायरिंग की. यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई. मंगलवार को मामले की शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.**

जानकारी के मुताबिक फरियादी अरविंद लोट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. अरविंद ने पुलिस को बताया कि दोपहर बरखेड़ी फाटक के पास वह एक दुकान के पास बैठा था. इस दौरान आरोपी आसिम उर्फ डमरू और उसका एक साथी दुकान पर समान खरीदने पहुंचे. दोनों बदमाशों ने अरविंद से इस बीच विवाद किया.

गुस्साए में आरोपी आसिम ने अपने पास रखे कट्टे से हवा फायर कर दिया. फायरिंग की घटना से वहां दहशत का महौल बन गया. इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई. मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# शहर में नहीं कम हो रहे डॉग बाइट के मामले

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 14 अप्रैल. शहर में डॉग बाइट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. जयप्रकाश अस्पताल में रोजाना 150 से अधिक लोग एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं. नगर निगम की तमाम कोशिशों में एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम के तहत रोजाना सैकड़ों कुत्तों की नसबंदी की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद केस कम नहीं हो रहे.**

बता दें अस्पताल में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक डरे और घबराए हुए पहुंचते हैं. कई परिवार ऐसे हैं, जिनके छोटे बच्चे खेलते समय आवारा कुत्तों का शिकार हो रहे हैं. डॉक्टरों के अनुसार हर दिन 150 से 200 तक मरीज ओपीडी में आ रहे हैं.




**अस्पतालों में पहुंच रहे प्रतिदिन 150 केस**

**डॉग के साथ मंकी और कैट बाइट भी बढ़े:** अस्पताल में सिर्फ कुत्तों के काटने के ही नहीं, बल्कि बंदर और बिल्ली के काटने के मामले भी सामने आ रहे हैं. खासकर रिहायशी इलाकों और कॉलोनियों में बंदरों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए खतरा बन रही है. डॉक्टर बताते हैं कि तीनों ही मामलों में संक्रमण का खतरा समान रूप से गंभीर होता है और लापरवाही स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकती है. विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी जानवर ने काट लिया है तो सबसे पहले घाव को 10 से 15 मिनट तक साबुन और बहते पानी से धोना चाहिए. इसके बाद तुरंत नजदीकी अस्पताल जाकर एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाना जरूरी है.

**लापरवाही पड़ सकती है भारी**

समय पर इलाज न लेने से रैबीज जैसी घातक बीमारी का खतरा रहता है, जो लगभग हमेशा जानलेवा होती है। इसलिए किसी भी तरह के बाइट को नजरअंदाज न करें। फिलहाल अस्पताल में आने वाले डॉग बाइट या अन्य बाइट के मरीज को तुरंत ही जीरो डे की एंटी रैबीज वैक्सीन दे दी जाती है। मरीज को कम से कम 3 एंटी रैबीज के डोज तो लगवाने ही चाहिए।

**- डॉ. प्रमेंद्र शर्मा,** जिला अस्पताल, भोपाल




# निगम अध्यक्ष ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 14 अप्रैल. राजधानी में मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई, जिसमें निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शहर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए और बाबा साहब की प्रतिमा/चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए.**

इस दौरान सूर्यवंशी ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और डॉ. अंबेडकर के जीवन से शिक्षित और संगठित रहने, सामाजिक द्वेष को नकारते हुए आगे बढ़ने तथा ज्ञान के प्रतीक के रूप में अपने आपको स्थापित करने की सीख एवं प्रेरणा लेने का आह्वान भी किया. उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया. साथ ही रैली का शुभारंभ किया और केक भी काटा.

**गणना** | शहर में 5,042 और गांवों में 907 कर्मचारी नियुक्त, प्रथम चरण में बनेगी मकानों की सूची

# कल से शुरू होगी ऑनलाइन स्व-गणना

**01 मई से जनगणना का काम होगा शुरू**

**06 हजार कर्मचारी करेंगे कार्य**

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 14 अप्रैल. एक मई से शुरू हो रहे जनगणना के प्रथम चरण का काम 6 हजार कर्मचारी करेंगे, जो मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का काम करेंगे.**



प्रथम चरण में काम को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से जिले के शहरी क्षेत्र को 25 भागों में बांटा गया है. इसके लिए 5,042 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के 907 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है. एक प्रगणक को 200 मकानों की गणना करनी है. ग्रामीण क्षेत्र में 04 क्षेत्र बनाए गए हैं,जिसमें बैरसिया नगर परिषद, बैरसिया ग्रामीण, हुजूर एवं कोलार इसके साथ ही उनके कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है. 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक चलेगा. जनगणना 2026-27 का पहला चरण (मकान सूचीकरण और आवास गणना) 1 मई से शुरू होकर 30 मई के बीच चलेगा, जो पूरी तरह डिजिटल होगा. इसमें 33 सवालों के साथ मकानों की जियो-टैगिंग और पहली बार ऑनलाइन स्व-गणना का विकल्प दिया जा रहा है,जो 16 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा.

**खुद जानकारी दर्ज कर सकते हैं**

डिजिटल सर्वे में डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल ऐप व स्मार्टफोन का उपयोग करके स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर या न्यूज ऑन एयर पर घर बैठे 15 दिनों के भीतर खुद की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं.

**33 सवालों का यह रहेगा सेट**

जनगणना करने के लिए विभाग ने 33 सवालों का सेट बनाया है, जिसमें घर की बनावट छत, दीवार, फर्श, मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, और पानी, बिजली, शौचालय, वाहन से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे. मकानों की जियो- टैगिंग की जाएगी. इससे सही डिजिटल मैपिंग हो सके. मकान सूचीकरण और आवास गणना 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक जारी रहेगी जिसमें हर संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी.

## डायल-112 ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल.** दमोह जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र में डायल-112 पुलिस टीम की तत्पर और संवेदनशील कार्रवाई से सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया. कार्रवाई में आरक्षक राकेश ठाकुर और पायलट कोमल अहिरवार मुख्य रूप से शामिल थे. बता दें कि ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सड़क किनारे खाई में गिर गई थी, जिससे तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे. डायल-112 टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को बिना समय गंवाए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका.

## स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारी के लिए नोडल अधिकारी किए नियुक्त

**भोपाल, 14 अप्रैल.** नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी के लिए स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में कार्यरत मैदानी अमले के समन्वय तथा पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया है, जिसमें अपार आयुक्त, उपयुक्त कार्यपालन यंत्री सहायक यंत्री को जवाबदारी दी गई है. इसमें एक जोन पर नोडल अधिकारी को 3 वार्ड सौंपे गए हैं. वहीं जोनवार सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ओर प्रत्येक वार्ड में वार्ड में सहायक यंत्री जो सीवेज, सिविल और जल कार्य को जवाबदारी तय की है, जिसमें 21 नोडल अधिकारी, 21 सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ओर 85 स्वास्थ्य अधिकारी बनाए गए हैं.